लोक सभा अध्यक्ष ने वेटलिफ्टर मीराबाई चानू को ओलम्पिक मेडल जीतने पर बधाई दी

नारी शक्ति ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है : लोक सभा अध्यक्ष

टोक्यो में मीराबाई चानू के शानदार प्रदर्शन पर पूरे देश को गर्व है : श्री ओम बिरला

मीराबाई चानू से अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी : श्री बिरला

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 2021: टोक्यो ओलंपिक्स में रजत पदक जीत कर भारत को इन खेलों में पहला मेडल दिलाने वाली वेटलिफ्टर सुश्री मीराबाई चानू को बधाई देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया है।

श्री बिरला ने कहा कि उन पर पूरे देश को गर्व है।

यह आशा व्यक्त करते हुए कि सुश्री मीराबाई चानू द्वारा पदक जीतने से ओलंपिक्स में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा मिलेगी, श्री बिरला ने एक बार फिर टोक्यो ओलंपिक्स में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।